## सार-समाचार

### मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया

**करौली, (निसं)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के कर्मचारी आज 29 दिसंबर को अपनी 21 सूत्रीय मांगों को लेकर करौली से जयपुर गए कर्मचारियों ने धरना दिया एवं प्रदर्शन किया। संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष अमर सिंह मीणा ने बताया कि इन प्रमुख मांगों मैं वेतन भत्ते एवं वेतन विसंगतियां को दूर करना है संविदा ठेका प्रणाली बंद कर नियमित करना 7 14 21 28 वर्ष पर परिलाभ पेंशन परिलाभ 20 वर्ष की सेवा पर संविदा सेवा से नियमित हुए कार्मिकों को पुरानी सेवा की गणना, समय पर पदोन्नित एवं कैडर रिव्यू सहित 21 सूत्रीय मांगा प्रमुख हैं उन्होंने बताया कि रैली के लिए बसों से एक्शियन ऑफिस गुलाब बाग से जयपुर के लिए प्रस्थान किया।जय सिंह मीणा जगमोहन मालीश्रीगणेश मीणा नीरज शुक्ला मुकुट शर्मा संदीप शर्मा गणेश हेमराज मीणा मुकेश बैरवा गोपाल शर्मा विशंभर शर्मा मनोज शर्मा धन सिंह बेरवा पुष्पेंद्र मीणा ऋषिपाल मीणा जवान सिंह गुर्जर बद्री लाल प्रजापत अरविंद शर्मा प्रमोद गर्ग विकास शर्माआदि आदि सहित सैकड़ो कर्मचारियों ने धरने में भाग लिया। जिला महामंत्री राघवेंद्र शुक्लाने ने बताया कि छठे पे कमिशन से कर्मचारियों के वेतन में विसंगतियां चल रही थी समय-समय पर सरकार से इन विसंगतियों को दूर करने की मांग रखी गई लेकिन अभी तक पूरी नहीं हुई है। जिसको लेकर समस्त राजस्थान से संयुक्त महासंघ के कर्मचारी बड़ी संख्या में जयपुर के लिए बसों एवं निजी वाहनों से कूच किया। सरकार ने मांगों को लेकर सकारात्मक तरीके से समाधान करने का आश्वासन दिया है। यदि सरकार ने मांगों को नहीं माना तो कर्मचारी बड़ी संख्या में जयपुर में धरना देकर सचिवालय का घेराव करेंगे।

### तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** वजीरपुर से छकड़ा वाया खातीपुरा जाने वाली सड़क की बदहाली को लेकर ग्रामीणों ने सड़क की शीघ्र मरम्मत की मांग करते हुए उपखंड अधिकारी वजीरपुर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि सड़क पूरी तरह टूट चुकी है और जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। बड़े वाहनों की आवाजाही के कारण दिनभर धूल उड़ती रहती है, जिससे पैदल राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। गड्ढों के कारण आए दिन फिसलन और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सड़क किनारे स्थित मकानों में उड़ती धूल के कारण लोगों को सांस संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर सड़क की हालत नहीं सुधारी गई, तो क्षेत्रवासी मजबूरन धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करेंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में अजय खातीपुरा, अफजल सरपंच, मोनिस खान, योगेश खातीपुरा, हेमू बैरवा, विजेन्द्र राजपूत और डिप्टी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### गोवर्धन में सजाया छप्पन भोग

**सूरौठ, (निसं)।** गोवर्धन गिरिराज जी में हिंडौन क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा छप्पन भोग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में गोवर्धन सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। इसी क्रम में सुरौठ कस्बे से भी सुबह करीब 8 बजे श्रद्धालुओं की एक बस गोवर्धन गिरिराज जी महाराज के दर्शन एवं छप्पन भोग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुई। गोवर्धन भक्त मंडल के सदस्य अठावाल समाज के युवा अध्यक्ष दीपक सिंघल, पंचायत समिति सदस्य बृजेश भारद्वाज, केशव शर्मा बबलू तिवारी, सत्तो पीलोदिया छोटू पीलोदिया रिंकू शर्मा अनिल गोयल गणेश सिंघल मनीष जिंदल, व सत्यप्रकाश ताली वालों ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वे छप्पन भोग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान गिरिराज महाराज को विधिविधान से छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। आयोजन में संत-महात्मा, स्थानीय श्रद्धालु एवं बाहर से आए भक्त बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### सेमी शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आज

**सूरौठ।** तहसील क्षेत्र के खेडी हैवत गांव में जय गोसाई क्लब खेड़ी हैवत द्वारा पांचवी अंतर जिला स्तरीय सेमी शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन नव वर्ष के उपलक्ष्य में किया जा रहा है आयोजन समिति सदस्य ओम प्रकाश डागुर ने बताया कि हर वर्ष की भांति खेड़ी हैवत गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में दो दिवसीय पांचवी अंतर जिला स्तरीय शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार एवं बुधवार को किया जाएगा जिसमें मंगलवार को उद्घाटन समारोह होगा इसमें कई अतिथि आएंगे एवं गुरुवार शाम को फाइनल होने के बाद शूटिंग वॉलीबॉल कार्यक्रम का समापन होगा शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भरतपुर , करौली ,जयपुर, गंगापुर, सवाई माधोपुर सहित कई जिलों की टीम में भाग लेंगी प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से शाम को 5 बजे तक चलेंगे प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को इनाम राशि देकर सम्मानित किया जाएगा

### सरमथुरा में रात्रि गश्त शुरू

**सरमथुरा।** कस्बे के बाजार में रात्रि गश्त शुरू की गई है। यह पहल थाना अधिकारी हरेंद्र सिंह द्वारा की गई है, जिसके तहत व्यापार मंडल के सहयोग से दीनू सिंह को पुलिस मित्र के रूप में नियुक्त किया गया है। वे सोमवार से अपनी सेवाएं देना शुरू करेंगे। थाना अधिकारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि यह कदम कस्बे के बाजार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देर रात बिना किसी वैध कारण के बाजार में घूमने वाले व्यक्तियों की पूरी जांच-पड़ताल की जाएगी, जिसके बाद ही उन्हें छोड़ा जाएगा। यह रात्रि गश्त मुख्य बाजार के पटा चौक, फौदा का चौक, पुराना बस स्टैंड और सिकंदर मार्केट क्षेत्रों में प्रभावी रहेगी।

# पूतना वध व छप्पन भोग बाल लीलाओं ने मोहा मन

■ भागवत कथा में रूकमणी विवाह आज

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** प्रहलाद गुप्ता, बिहारी गुप्ता मच्छीपुरा वालों की ओर से विजय पैलेस में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भागवत आचार्य गोविंद भैया द्वारा कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया गया जिसमें भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।

भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल की अद्भुत लीलाओं का वर्णन किया गया, जिसे सुनकर पांडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास गोविन्द भैया जी ने पूतना वध प्रसंग के माध्यम से बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने बाल रूप में ही राक्षसी पूतना का उद्धार कर संसार को यह संदेश दिया कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, सत्य के सामने उसे झुकना ही पड़ता है। जब महर्षि गर्गाचार्य द्वारा कान्हा का नामकरण किया गया तो प्रांगण ''नंद के आनंद भयो'' के गीतों से गूंज उठा। नामकरण संस्कार की झांकी देख भक्त झूमने लगे और एक-दूसरे को बधाई दी।

कथावाचक ने समझाया कि ''कृष्ण'' नाम मात्र लेने से ही जन्म-जन्मांतर के पाप कट जाते हैं। इसके बाद प्रभु की माखन चोरी की शरारतों ने भक्तों को खूब हंसाया। महाराज जी ने बताया कि भगवान केवल माखन नहीं, बल्कि अपने भक्तों के निर्मल मन को चुराते हैं। इसके उपरांत, यमुना को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से की गई कालिया नाग दमन की लीला सुनाई गई। नाग के फन पर नृत्य करते कान्हा की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। कथा का सबसे आकर्षण केंद्र गोवर्धन पूजा रही। विजय पैलेस में गिरराज जी का भव्य पर्वत बनाकर विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान ने अपनी उंगली पर पर्वत उठाकर इंद्र के अहंकार को तोड़ा और प्रकृति की पूजा का संदेश दिया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए। तरह-तरह के पकवानों और मिठाइयों का भोग लगाकर भक्तों ने गिरिराज जी की सामूहिक आरती की। कथा के मध्य भागवत आचार्य की परम पूज्य गुरु ने पंडाल में उपदेश देते हुए कहा कि धर्म ग्रंथ और कथाओं में हमारे जीवन के सभी प्रश्नों का उत्तर है। धर्म ग्रंथो के अनुसार ही हमें जीवन जीना चाहिए। परमपिता परमात्मा ने ब्रह्मांड की संरचना की सृष्टि बनाई और संविधान के रूप में चार वेदों का संविधान बनाकर धर्म ग्रंथो के अनुसार जीवन जीने का शुभ अवसर दिया। हम सभी को धर्म ग्रंथो ज्ञान रूप अपना जीवन जीना चाहिए जबकि आज पश्चात संस्कृति की ओर जा रहे हैं। विजय पैलेस में आयोजित कार्यक्रम के पश्यात सभी भक्तों को छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि मंगलवार को कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का भव्य प्रसंग सुनाया जाएगा।

## आभार जताया

**भरतपुर, (निसं)।** भाजपा नेता शैलेष कौशिक ने भरतपुर के सारस चौराहा पर एलिवेटेड फ़्लाईओवर के निर्माण हेतु 201 करोड़ रुपये तथा 5 किलोमीटर सर्विस लाइन रोड के लिए 118 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री माननीय भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा है कि केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा की गई यह घोषणा भरतपुर में विकास का एक स्वर्णिम अध्याय होगी।

शैलेश कौशिक ने कहा है जहां एक ओर मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों में भरतपुर जिले में हजारों करोड़ रूपए के विकास कार्य चल रहे है वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री केंद्र की डबल इंजन सरकार के सहयोग लगातार से भरतपुर के विकास के लिए अनवरत महत्वपूर्ण घोषणाएं करा रहे है इसी क्रम मैं भरतपुर में दशकों से इंतजार की बाट जोह रहे सारस चौराहे पर एलिवेटेड फ्लाई ओवर के लिए टेंडर प्रक्रिया की शुरुआत हो गई।

# 'स्काउट गाइड शिविर संस्कार निर्माण की कार्यशाला'

**करौली।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट ब गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित किया जा रहे हैं सात दिवसीय आवासीय डीएलएड गाइड ग्रुप प्रशिक्षण शिविर में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सर्वेश कुमार गुप्ता ने कहा की स्काउट गाइड शिविरों के माध्यम से बालक बालिकाओं का शारीरिक मानसिक चारित्रिक बौद्धिक विकास होते हुए सर्वांगीण विकास होता है एवं उनमें संस्कार निर्माण होता है

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की जिला स्काउट गाइड भवन में नेहरू शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय सूरोठ एवं भगवान महावीर शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय काचरोली की 42 छात्र अध्यापिका का अनिवार्य सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में पांचवें दिवस का झंडा रोहण करते हुए मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समसा करौली सर्वेश कुमार गुप्ता ने बालिकाओं से कहा कि वह शिविर में सीखी हुई विधाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें अन्य बालक बालिकाओं को भी शिविर के बारे में जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा की अध्यापक में चयन होने के उपरांत विद्यालय में बालक बालिकाओं के लिए स्काउट गाइड गतिविधि का संचालन करें एवं खेल-खेल के माध्यम से उनमें संस्कार निर्माण का कार्य करें एकाग्रचित होकर पढ़ाई करें एवं अपने लक्ष्य की प्राप्ति करें।

उन्होंने कहा कि शिविर में सिखाए गए व्यायाम के माध्यम से अपने शरीर को स्वस्थ रखें नियमित रूप से सूर्योदय से पूर्व सक्रिय हो जाए जिस तरह शिविर में सूर्योदय से पूर्व जागते हैं उसी तरह अपनी दिनचर्या को नियमित बनाएं उन्होंने संभागी बालिकाओं से कहा कि जिस तरह शिविर में आप ऊर्जा संरक्षण जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण नशा मुक्ति के लिए प्रयास करते हैं उसी तरह दैनिक जीवन में भी इन अच्छी आदतों को अपनाऐ अपने परिजनों मित्रों को भी प्रेरित करें इससे पूर्व अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सर्वेश कुमार गुप्ता का शुगर में पहुंचने पर संभागी बालिकाओं द्वारा सहायक शिविर संचालक प्रकाश चंद सुमन के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर स्वागत किया गया शिविर संचालक रामावतार शर्मा ने स्कार्फ पहनाकर संगठन की रीति के अनुसार स्वागत किया सहायक शिविर संचालक सुरेश चंद शर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ट्रेनिंग काउंसलर मिथिलेश चतुर्वेदी राष्ट्रपति रोवर मान प्रकाश शर्मा रोवर लीडर धर्मराज गुर्जर आदि उपस्थित थे।

## विप्र प्रीमियर लीग-3 शुरू

■ उद्घाटन मैंच वेदांत टीम ने जीता

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** विप्र प्रीमियर लीग-3 का उद्घाटन हुआ। रंगारंग समारोह में क्रिकेट मैदान खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की तालियों से गूंज उठा। यह आयोजन क्षेत्र के प्रमुख क्रिकेट आयोजनों में से एक बन गया है। उद्घाटन समारोह में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित, डॉक्टर अनुज शर्मा, हेमंत शर्मा, रामबाबू शर्मा, नागेश लोडी, मीठालाल बोहरा, नागेंद्र भगवती, नरेश दुबे, गोपाल दीक्षित, सतीश शर्मा और टॉस बॉस के रूप में धीरज शुक्ला मौजूद रहे।

समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और खिलाड़ियों से परिचय के साथ हुई। आयोजन समिति के राजेश आचार्य, डॉ. डीसी शर्मा, सोमदत्त शर्मा और विष्णु गुरुजी ने टूर्नामेंट के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लीग का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर देना, खेल भावना को बढ़ावा देना और समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। इस दौरान खिलाड़ियों ने खेल को खेल की भावना से खेलने और अनुशासन बनाए रखने की शपथ ली। उद्घाटन दिवस का पहला मैच वेदांत और कश्यप टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेदांत टीम ने 15 ओवर में 160 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कश्यप टीम 120 रन पर ऑलआउट हो गई। वेदांत टीम ने यह मुकाबला 40 रन से जीता। मैच में 39 रन की पारी खेलने वाले श्याम सुंदर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दिन का दूसरा मुकाबला टीम चाणक्य और टीम भारद्वाज के बीच खेला गया। मैच के टॉस बॉस मीठालाल बोहरा रहे। टॉस जीतकर चाणक्य टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 156 रन बनाए। समाचार लिखे जाने तक टीम भारद्वाज ने तीन ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 20 रन बना लिए थे। मैचों के दौरान मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। आयोजकों की बेहतर व्यवस्थाओं, अनुशासन और समयबद्ध संचालन की सभी ने सराहना की। विप्र प्रीमियर लीग केवल खेल प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और युवाओं की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने का सशक्त मंच बनती जा रही है। आगामी मुकाबलों को लेकर खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। उद्घाटन समारोह के दौरान बीएस शर्मा, कपिल गौतम, राकेश जैमिनी, रानू पाराशर, धनेश शर्मा, गोविंद पाराशर सहित अन्य कमेटी सदस्य भी मौजूद रहे।

## आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत की बैठक

**श्रीमहावीरजी, (निसं)।** आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत के प्रदेश प्रवक्ता रूपसिंह गोरेहार ने प्रेस विज्ञिप्त के जरिये बताया कि रविवार को मीणा समुदाय की सर्वोच्च हथाई श्रीमहावीरजी में आदिवासी मीणा पंच पटेल महापंचायत की बैठक भरत लाल मीना पूर्व सरपंच जोड़ली की अध्यक्षता एवं नेमी चंद पटेल डोब की उपाध्यक्षता में संपन्न हुई।

महापंचायत में सर्व समिति से डॉक्टर पुरुषोत्तम लाल मीणा को महापंचायत का राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पृथ्वीराज पटेल पूर्व सरपंच बगलाई को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष चुना गया, जबकि हरि पटेल निशाना (सपोटरा) एवं मांगीलाल पटेल कैमा नादौती को करौली जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। महापंचायत में डॉ. पुरुषोत्तम लाल मीणा द्वारा आदिवासी रूढिगत व्यवस्था का संवैधानिक महत्व और पंजीकृत संगठनों का असंवैधानिक एवं गैर कानूनी हस्तक्षेप शीर्षक से लिखित एवं प्रकाशित लेख को स्वीकार किया जाकर महापंचायत के रिकॉर्ड में शामिल किया गया। इसके अलावा महापंचायत में विचाराधीन समुदाय के आंतरिक विवादों को पटेलों के द्वारा सुना गया और विचार मंथन के बाद में रूढिगत निर्णय किए गए। महापंचायत में अलवर, धौलपुर, सीकर, दौसा, सवाई माधोपुर, करौली, कोटा आदि जिलों से बड़ी संख्या में पंच पटेलों ने भाग लिया।

जिनमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष श्योराम पटेल पालनपुर, राजपाल पटेल केमला, प्रदेश वाद पंजीयक हीरालाल मीना नंगला मीना, प्रदेश सचिव ब्रजलाल मीना खिदरपुर, अंगद लाल मीना गार्ड, प्रदेश कार्यालय सचिव हरिओम पटेल मोहचा, रूपचन्द मीणा सीकर, धोलुपर जिला अध्यक्ष रामेश्वर दयाल मीना खिन्नौट, भारत लाल पटेल नाथनबाड़ी, रामचरण लेदिया, जगमोहन सेवानिवृत्ति मैनेजर, चंपूराम हिंगोट, रामदयाल पटेल महस्वा, रामावतार मीना दौलतपुरा, हुकमचंद कुड़ावदा, रामसहाय पटेल उकेरी, रामू पटेल पालनपुर, कमलसिंह मीना खिदरपुर, मुकेश कुमार मीना बड़ला, सहीराम मीना बड़ौली, प्यारेलाल मीना झूथाहेड़ा आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### शतरंज प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**भरतपुर, (निसं)।** शह व मात के खेल शतरंज का 14 वा नि:शुल्क शतरंज शिविर का समापन फ्यूचर पॉइन्ट इंस्टिट्यूट, जयंती नगर पर मुख्य अतिथि कोंठोसी समाजसेविका व 4 बार से अनवरत पार्षद रेनू गोरावर और वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के साथ पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ इस अवसर पर सम्बोधन करते हुए कहा कि शतरंज न केवल बौद्धिक विकास कराता है, बल्कि अनुशासन, धैर्य एवं निर्णय क्षमता को भी मजबूत बनाता है बच्चों को यह खेल जरूर खेलना चाहिये साथ ही शिविर से जो सीखा उसे जीवन का हिस्सा बनांना होगा तभी शिविर में भाग लेने की सार्थकता है कोंठोसी समाजसेविका व पार्षद रेनू गोरावर (मुख्य अतिथि) शतरंज खेल हमें रणनीति, धैर्य, दूरदर्शिता, गलतियों से सीखना सिखाता है; यह खेल हमें एकाठाता, लचीलापन और समय प्रबंधन के सबक देता है, जो सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश शर्मा ( विशिष्ट अतिथि) शतरंज एक ऐसा खेल है जिसमें भरपूर बुद्धि का उपयोग होता है और खेल में जितना अधिक अपने मस्तिष्क का उपयोग करेंगे उतना ही अधिक हमारे मस्तिष्क का विकास होता है। छात्रों की बुद्धि को तेज करने और जीवन पथ पर चुनौतियों का सामना करने के लिए राज्य सरकार शतरंज को एक विषय के रूप में शामिल करने पर विचार करना चाहिए - पवन पाराशर (आयोजक) इस अवसर पर संस्था निर्देशक पवन पाराशर, मार्गदर्शक हेमलता, तकनीकी एक्सपर्ट भूषण कटारा, रिहान खान, समाजसेवी महेश मंगल,अर्थ बंसल, कार्तिक शर्मा, प्रेरणा शर्मा, हिमांशी जैन निधि चौधरी, मानसी उदयबाल, तनिष्का बंसल, स्नेहा अठावाल, क्षमा चौधरी, मानवी सिंह, पायल सिंह, दिव्या सिंह, अतुल सिंह, तृप्ति शर्मा, प्रीति शर्मा, ललतेश अवरोल, भूमि गर्ग, पलक मीणा, मोहिनी शर्मा, कनिका झालानी आदि गवाह बने कार्यक्रम का संचालन संचालन दीया गोला और मानसी उदयवाल द्वारा किया गया तथा आभार संस्था कोर्डिनेटर कमलेश पाराशर ने जताया

### राजेश खन्ना को याद किया

**भरतपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय ओल्ड एज गोल्ड संस्था द्वारा आज गुजरे जमाने के सुपर स्टार राजेश खन्ना का 84वां जन्म दिन शास्त्री पार्क भरतपुर में उनकी फिल्मों के गाने सुनाकर मनाया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. जीवनलाल शर्मा ने उनकी फिल्म दो रास्ते का गाना 'ये रेशमी जुल्में ये शरवती आंखें आराधना का मेरी सपनों की रानी कब आयेगी तू गाना सुनाया, बनै सिंह धावई ने आराधना का गाना 'कोरा कागज था मये मन मेरा सुनाया इसी तरह राकेश अठावाल, खेमचंद सक्सैना आदि ने उनकी फिल्मों के गाने सुनाये और उन्हें श्रद्धांजली दी गई। इं. जीवनलाल शर्मा ने बताया कि राजेश खन्ना ने पहली बार 1966 में फिल्म आखिरी खत में काम किया परन्तु उन्हें असली पहचान मिली 1969 में आयी फिल्म आराधना से। इसी फिल्म की वदौलत वे रातों रात सुपर स्टार बन गये। इसके बाद उन्होंने आनंद, दो रास्ते, खामोशी, रोटी, वावर्ची, अमर प्रेम, राज, मेरे जीवन साथी, बंधन, इत्तफाक, अविस्कार, अजनवी, कटी पतंग, आन मिलो सजना, प्रेम कहानी, दुश्मन, सच्चा झूँठा, महवूव की मेंहदी, हाथी मेरे साथी, अवतार, सौतन, मर्यादा आदि सुपरहिट फिल्में दीं। उन्होंने लगभग 180 फिल्मों में काम किया जिनमें 60 फिल्में सुपरहिट रहीं, उनकी अन्तिम फिल्म रियासत थी, प्यार से उन्हें लोग काका कहते थे। उन्होंने अपने समकालीन नायिका हेमामालिनी, मुमताज, शर्मिला टेगोर, आशा पारीख, रेखा, जीनत अमान, सबाना आजमी, टीना मुनीम, तनूजा,माला सिंहा, लीना चन्द्रावरकर, जया भादुडी, स्मिता पाटिल आदि के साथ फिल्में कीं, परन्तु उनकी जोडी मुमताज के साथ हिट रही। इसी प्रकार समकालीन नायकों में उन्होंने अमिताभ वच्चन, जितेन्द्र, धर्मेन्द्र, विनोद खन्ना, शशि कपूर, राजकुमार, शम्मी कपूर, ऋषि कपूर, शत्रुधन सिंहा आदि नायकों के साथ कार्य किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, डॉ. हरिओम शर्मा, शिवदयाल गुप्ता, प्रदीप कुमार शर्मा, रमेश श्रीवास्तव, दिनेश शमा्र व्याख्याता, राजाराम फौजदार,भारत शर्मा, महेन्द्र फौजदार, सुरेन्द्र डंडौतिया, मेवाराम चौधरी, विनोद अठावाल, भगवान सिंह फौजदार, रोशन सिंह, मुकेश गुप्ता, ब्रजभूषण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### पावरलिफ्टिंग में दबदबा

**भरतपुर, (निसं)।** नेशनल स्पोर्टस फैडरेशन दिल्ली द्वारा 28 दिसम्बर को हरियाणा के पलवल के सोन्ध शहर स्थित नवल किशोर गेलेक्सी वाटिका में सन्दीप सरोंट नेशनल मेडलिस्ट एवं हरियाणा स्टेट स्ट्रॉंगमेन अवार्डी के सौजन्य से एक दिवसीय ओपन नेशनल पावरलिफ्टिंग चौम्पियनशिप बेन्च प्रेस, डेडलिफ्ट एवं स्क्वेट 2025 आयोजित हुई, जिसमें देशभर से सैंकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें भरतपुर से लोहागढ़ स्टेडियम में राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा नियत पावरलिफ्टिंग कोच पूनम शर्मा के नेतृत्व में उसके द्वारा प्रशिक्षित 6 खिलाड़ियों ने भाग लेकर राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें जूनियर केटेगिरी के दीपक ने अपने भार 80 किलो में स्क्वेट 125, बेन्च प्रेस 90 व डेडलिफ्ट 185 किलो कुल 395 किलो भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया तथा इसी केटेगिरी के जूनियर तन्मय व सौरभ ने अपने भार 85 किलो में 330 व 60 किलो में 360 किलो भार उठाकर रजत पदक प्राप्त किये तथा महिला खिलाड़ी सीनियर की शशि चौधरी ने अपने भार 50 किलो में 58 किलो व रिया ने अपने भार 75 किलो में 102.5 किलो एवं सब जूनियर की सूर्यांशी ने अपने भार 35 किलो में 50 किलो भार उठाकर सभी ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर 4 स्वर्ण व 2 रजत कुल 6 पदक प्राप्त कर राजस्थान व भरतपुर का नाम रोशन किया। आयोजित कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को नकद राशि जिसमें खिलाड़ी दीपक को 3100/-रू. व समस्त विजेताओं को 2100/-रू. नकद व पदक प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में कोच पूनम शर्मा को स्ट्रॉग वोमेन की उपाधि से सम्मानित कर ट्रॉफी, शील्ड व माला पहनाकर उनके कुशल प्रशिक्षण व रेफरशिप की सराहना की गई।

# आयोग ने एक लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**करौली।** एक बीमा कम्पनी ने मृतक बीमा धारक को बिना किसी ठोस साक्ष्य सबूत के हैवी ड्रिंकर ( शराबी - पियक्कड़) बताकर उसकी पत्नी द्वारा पेश बीमा क्लेम को खारिज करना भारी पड़ा है।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने इस मामले में सोमवार को सुनाए निर्णय में बीमा कम्पनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए यह राशि मृतक की पत्नी को मानसिक संताप बतौर चुकाने साथ मृत्यु दावे की 1 लाख 83 हजार रुपये की बीमा राशि का 7 प्रतिशत ब्याज सहित एक माह में भुगतान करने के आदेश दिए हैं। प्रकरण के अनुसार मण्डरायल क्षेत्र के धोरेटा गांव निवासी मेघश्याम शर्मा ने 7 मार्च 17 को रिलायंस निपोन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कराया था। 16 जून 17 को मेघश्याम की मृत्यु हो गयी। मेघश्याम की पत्नी नेमो देवी ने बीमा कम्पनी को पति के निधन की सूचना देकर बीमा क्लेम राशि के भुगतान की मांग की। इस सूचना पर बीमा कम्पनी का प्रतिनिधि मृतक के घर पहुंचा और क्लेम फॉर्म भरवाने के साथ जरूरी दस्तावेज संकलित किए।

उसने बीमा क्लेम राशि के जल्दी भुगतान का आश्वासन भी दिया लेकिन बीमा कम्पनी द्वारा क्लेम राशि का भुगतान नहीं करने पर नेमो देवी ने वकील पंकज शर्मा के जरिये 12 सितंबर 19 को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के समक्ष परिवाद पेश किया।मामले की सुनवाई के दौरान बीमा कम्पनी ने मृत्यु दावा क्लेम को खारिज करने का कारण बीमा धारक द्वारा अपनी आय के बारे में सही सूचना नहीं देना और हैवी ड्रिंकर (शराबी-पियक्कड़) होना बताया।

बीमा कम्पनी द्वारा बिना किसी ठोस साक्ष्य -सबूत, दस्तावेज के बीमा धारक को हैवी ड्रिंकर (शराबी) बताकर बीमा क्लेम को खारिज करने को आयोग ने गम्भीर माना है। आयोग ने निर्णय में बिना किसी ठोस आधार के मृतक के बारे में इस तरह के आरोप को मानहानि कारक बताया है।

आयोग ने निर्णय में लिखा है कि बिना किसी अधिकृत दस्तावेज के हैवी ड्रिंकर जैसी अपमानजनक शब्दावली का प्रयोग करने का किसी को कोई अधिकार नहीं है। आयोग के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह तथा सदस्य सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने निर्णय आदेश में इस तरह के आरोप लगाने को बीमा कम्पनी के अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में मानते हुए पीड़िता को 1 लाख रुपये मानसिक संत्रास बतौर देने के आदेश दिए हैं।

इसके अलावा बीमा कम्पनी को 10 हजार रुपये परिवाद व्यय के रूप में चुकाने और बीमा क्लेम की 1 लाख 83 हजार 130 रुपये की राशि का 30 दिवस में परिवाद तिथि से 7 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने के भी आदेश दिए गए हैं।

# गंगापुर सिटी में राम कथा सेवा समिति ने निकाली राम बारात

■ श्रद्धा का सैलाब उमड़ा, राम विवाह प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** राम कथा सेवा समिति 2026 द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर बालाजी चौक से भव्य राम बारात निकाली गई।

यह बारात बालाजी चौक से शुरू होकर जनकपुरी किरण पैलेस तक पहुंची। इसमें गंगापुर सिटी के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बारात मार्ग पर जयकारों और पुष्प वर्षा से पूरा वातावरण राममय हो गया।

इस दौरान भव्य राम धूनी, आकर्षक सजीव झांकियां और धार्मिक प्रस्तुतियां लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं।

झांकियों में भगवान शिव-पार्वती, चारों राजकुमार राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और महाराज दशरथ को रथ में सवार दिखाया गया। बैंड-बाजों की मधुर धुनें, सजे-धजे घोड़े और पारंपरिक बाराती वेशभूषा के साथ निकली इस बारात ने पूरे नगर को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।

मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया। राम बारात का अग्रवाल समाज समिति द्वारा पुरानी अनाज मंडी में, श्री श्याम परिवार सेवा समिति ने व्यापार मण्डल तिराहे पर पुष्प वर्षा कर बरात का भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर समाज की तीनों इकाइयों के अध्यक्ष मोहनलाल कुनकटा, दुर्लभ गोयल, लक्ष्मीचंद महोली, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग, सतीश चंद, वेद प्रकाश मंगल, अशोक मंगल, दिनेश चंद, गोपाल गर्ग, कैलाश चंद, बाबूलाल कुनकटा आदि सहित समाज के अनेकों गणमान्य बंधु उपस्थित रहे।

समिति संयोजक गोविंद टोकसी ने बताया कि यह राम बारात गंगापुर सिटी के लिए ऐतिहासिक रही, जिसे नगरवासियों ने एकजुट होकर सफल बनाया। अयोध्या से पधारी संत वैदेही सुरभि महाराज ने राम विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया।

जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उ राम बारात में समिति सदस्य मदन मोहन गोठरा, दिनेश मेडी, जगदीश एडवोकेट, बंटी चक्की, विष्णु सिंघल, पंकज एचपी, नरसी, दीपक सलेमपुर, हरिओम भगत, सुरेश कोचिंग सहित बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी और शहरवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसादी वितरण के साथ हुआ।

## क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेन्ट एक्ट, 2010

प्रारूप-4 ( नियम 6 देखिए )

### सूचना

**आक्षेप फाईल करने के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रास्थिति का संप्रदर्शन**

मैं.....डॉ. अनिल कुमार जैमिनी संयोजक, जि. रजि. प्रा. (क्लि. ऐस्टे.एक्ट, 2010) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर ...नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियम) अधिनियम, 2010 के अधीन प्राधिकारी होते हुए धारा 24 के अधीन दिनांक 24.06.2025 से दिनांक 03/12/2025 तक की कालावधि के दौरान प्राप्त आवेदन पर विचार करने के पश्चात, नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) नियम, 2013 के उपलब्धो के समाधान के लिए सवाई माधोपुर.... जिले की अधिकारिता के भीतर नैदानिक स्थापन एलौपैथी प्रणाली में मध्यम श्रेणी की प्रयोगशाला (लैब) की सूची इसके द्वारा प्रकाशित करता हूं:-

| क्र. सं. | नैदानिक स्थापन का नाम एवं पता | स्वामित्व/प्रभारी का नाम | औषधि की पद्धति | उपलब्ध सेवाओं का प्रकार एवं प्रकृति | चिकित्सा कार्य करने वाले का विवरण ( चिकित्सक, नर्स इत्यादि ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रिया डायग्नोस्टिक सेन्टर, सालौदा मोड गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर जिला सवाई माधोपुर पिन-322201 | स्वामित्व:- डॉ. महेन्द्र कुमार मीना पुत्र स्व. कल्याण चन्द्र मीना (स्वामी एवं सचिव, श्री मत्स्य जनकल्याण समिति गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर) रिया डायग्नोस्टिक सेन्टर, सालौदा मोड गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर पिन 322001 एवं प्रभारी:- डॉ माधवी सांवलका पुत्री अशोक कुमार सांवलका (एमबीबीएस, आरएमसी नं. 29596 23809) निवासी 25/68, कावेरी पथ, मानसरोवर, के.एल.सैनी स्टेडियम के पास, जयपुर मानसरोवर, जिला जयपुर (राजस्थान) पिन-302020 | एलौपेथी | लैबोरेट्री (पैथोलॉजी, हैमोटोलॉजी, बायोकैमेस्ट्री माईक्रोबॉयोलॉजी) कलैक्शन सेन्टर एवं ईमजिंग सेन्टर | 1. डॉ. माधवी सांवलका पुत्री अशोक कुमार सोवलका (एमबीबीएस, आरएमसी नं. 29596 डीएम (पैथोलॉजी) आरएमसी नं. 23809) वैधता अवधि दिनांक 17.03.2011 से दिनांक 16.03.2031 2. अरबाज खान पुत्र जुल्फिकार अहमद (डिप्लोमा इन मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नालॉजी (दो वर्षीय )) आरपीएमसी जयपुर रजि. नं. 5355 दिनांक 29.09.2021 वैधता अवधि 28.09.2026 3. भूरा पुत्र दैवीराम (डिप्लोमा इन रेडियशन टेक्नोलॉजी (दो वर्षीय ) ) आरपीएमसी जयपुर रजि. नं. 3024 दिनांक 20.07.2022 वैधता अवधि 19.07.2027 |

उपर्युक्त सूची के संबंध में आक्षेप, यदि कोई हो, अधिनियम की धारा 26 के अधीन यथा-आक्षेपित इस सूचना की तारीख से 30 दिन के भीतर भाग 4 (ग) राजस्थान राज-पत्र, जून 6, 2013 27 (13) लिखित में दो प्रतियों में..(प्राधिकारी का पता)... कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

**नोट:-**

1. क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेन्ट से संबंधित कार्य देखने वाले कार्मिक का नाम एवं मोबाईल नम्बर:-
श्री आशीष गौतम, प्रभारी क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एंड केश अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (पीसीपीएनडीटी) कक्ष नं. 01, कार्यालय हाजा। मोबाईल 9460439302
2. उक्त कार्य करने वाले डाटा एन्ट्री ऑपरेटर का नाम एवं मोबाईल नम्बर:-
---------------रिक्त है-----------------------

**( डॉ. अनिल कुमार जैमिनी )**
**संयोजाक, जि.रजि.प्रा.( क्लि. ऐस्टे. एक्ट, 2010 ) एवं**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**सवाई माधोपुर**